''मन की बात'' में स्वदेशी और नवाचार पर जोर : संजय भाटिया

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मन की बात'' की 139वीं कड़ी का सामूहिक श्रवण भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, आईटी संयोजक अविनाश जोशी और प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और संगठन महामंत्री अजेय कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम सुना।

संजय भाटिया ने कहा कि ''मन की बात'' देशवासियों के सेवा, समर्पण और नवाचारों को राष्ट्रीय पहचान देने का माध्यम है। प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल', खादी, स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि हेवल नदी का पुनर्जीवन, प्राकृतिक कपास, श्रीअन्न की खेती, ई-संजीवनी के लगभग 50 करोड़ दूरचिकित्सा परामर्श और आईआईटी मद्रास में मस्तिष्क अनुसंधान जैसे उदाहरण पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और वैज्ञानिक नवाचार का महत्व बताते हैं।

प्रधानमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि और स्वतंत्रता सेनानी भाई परमानंद के आदर्शों का भी उल्लेख किया। भाटिया ने कार्यकर्ताओं से स्वदेशी, स्वच्छता, जल संरक्षण और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया।

अजमेर डिस्कॉम के सभी जिलों में किसानों को दिन में मिलेगी बिजली

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की किसानों को दीपावली से पहले बड़ी सौगात

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली से पहले किसानों को बड़ी सौगात दी है। नागौर जिले के बिरलोका में 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) सफलतापूर्वक प्रारंभ हो गया है। इससे अजमेर विद्युत वितरण निगम (डिस्कॉम) के सभी 14 जिलों में किसानों को दिन के समय दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। इस व्यवस्था से क्षेत्र के किसानों को रात में सिंचाई कार्य से राहत मिलेगी तथा कृषि कार्य अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक हो सकेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- नागौर के बिरलोका में 220 केवी जी.एस.एस. सफलतापूर्वक शुरू

खींवसर सहित अन्य क्षेत्रों को मिलेगा लाभ

उल्लेखनीय है कि अब तक अजमेर डिस्कॉम के 14 में से 13 जिलों में किसानों को दिन में दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था लागू थी। बिरलोका जीएसएस के शुरू होने से शेष जिले में भी इस व्यवस्था का विस्तार होगा।

इस परियोजना से बिरलोका, नारवा, हिसाबा, पांचला सिद्धा, खींवसर, पांचौड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। विशेष रूप से संपूर्ण खींवसर तहसील में किसानों को दिन के समय दो ब्लॉक में बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

विद्युत छीजत घटेगी, आपूर्ति गुणवत्ता सुधरेगी

लगभग 170 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस जीएसएस में 160 एमवीए क्षमता का 220/132 केवी पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया गया है। अत्याधुनिक स्काडा प्रणाली के उपयोग से पश्चिमी राजस्थान में उत्पादित सौर ऊर्जा का नागौर जिले में बेहतर उपयोग संभव होगा। इसके साथ ही विद्युत छीजत में कमी आएगी तथा वोल्टेज स्तर, बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार होगा।

26 जिलों में दिन में मिल रही बिजली

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कृषक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2027 तक प्रदेश के किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति की बजट घोषणा की और इस दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए अब तक प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है।

राजस्थान विधानसभा के अमृत महोत्सव के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित किया

स्पीकर वासुदेव देवनानी की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से भेंट

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रायपुर में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। देवनानी ने राष्ट्रपति को राजस्थान विधानसभा के प्रतीक चिह्न (लोगो) की प्रतिकृति भेंट की और उन्हें राजस्थान विधानसभा के 75 वें वर्ष के अमृत महोत्सव में आयोजित किए जा रहे देशभर की महिला विधायकों के सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। देवनानी ने राष्ट्रपति को इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का अनुरोध करते हुए कहा कि उनके सानिध्य में राजस्थान विधान सभा को संवैधानिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ करने की प्रेरणा मिलेगी।

देवनानी ने राष्ट्रपति को बताया कि राजस्थान विधान सभा वर्तमान में संसदीय लोकतंत्र की समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हुए अपना 75वां अमृत महोत्सव मना रही है। इन महत्वपूर्ण समारोहों के एक जीवंत और अभिन्न अंग के रूप में, विधान सभा द्वारा 15 जुलाई 2026 को ''पूर्व और वर्तमान सदस्यों का विधायी गौरव यात्रा समागम'' आयोजित किया गया। विधान सभा के इतिहास में पहली बार आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिरकत की और समारोह को संबोधित किया। इस अनूठी पहल की सभी ने सर्वसम्मति से सराहना की।

देवनानी ने राष्ट्रपति के साथ राजस्थान विधानसभा की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा के साथ ही पिछले दो वर्षों में राज्य विधान सभा में किए नवाचारों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि राजस्थान विधानसभा के नये भवन का उद्घाटन देश के राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने किया था। विधान सभा को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु और अटल बिहारी वाजपेयी भी सम्बोधित कर चुके है। राष्ट्रपति मुर्मु द्वारा भी 14 जुलाई, 2023 को विधान सभा को सम्बोधित किया गया था।

देवनानी ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु द्वारा उस दौरान दिया गया प्रेरणादायक भाषण राजस्थान विधान सभा की सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है। उनके द्वारा दिये गये संदेश विधान सभा को निरन्तर ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। देवनानी ने राष्ट्रपति को बताया कि विधान सभा के गठन के बाद पहली बार विधान सभा के सभी द्वारों के नाम रखने के साथ ही विधान सभा का प्रतीक चिह्न (लोगो) भी जारी किया गया है।

इस लोगो में अशोक चिह्न, राष्ट्रीय ध्वज, विधान सभा का भव्य भवन, राज्य पशु ऊँट, राज्य पक्षी गोडावण, राज्य वृक्ष खेजडी के साथ संस्कृत के ध्येय वाक्य राष्ट्राय धर्मनिष्ठा विधायिका और धान की बाली का समावेश किया गया है।

बीकानेर में 22 हजार किलो खाद्य तेल सीज

नेपाल में निर्मित ''चॉइस'' ब्रांड का सूरजमुखी तेल और ''बाबा रामदेव छाप'' सरसों का तेल शामिल

जयपुर (कासं)। दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बीकानेर में कार्रवाई करते हुए बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स लक्ष्मी नारायण भंवर लाल के गोदाम से करीब 22 हजार किलोग्राम खाद्य तेल सीज किया।

इसमें नेपाल में निर्मित ''चॉइस'' ब्रांड का सूरजमुखी तेल और ''बाबा रामदेव छाप'' सरसों का तेल शामिल है। 'चॉइस' सूरजमुखी तेल की लेबलिंग और प्रचार से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है। विभाग ने एक ही दिन में तीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के छह नमूने लिए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन तथा प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड के निर्देशन में प्रदेशभर में अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के निर्देश पर अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के मार्गदर्शन और संयुक्त आयुक्त वी.पी. शर्मा के पर्यवेक्षण में केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने यह कार्रवाई की।खाद्य सुरक्षा दल ने मैसर्स लक्ष्मी नारायण भंवर लाल के गोदाम से खाद्य तेल के तीन नमूने लिए। इसके अलावा मैसर्स नागड नारायण एग्रो इंडस्ट्रीज से नारियल पेड़ा का एक नमूना तथा रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स श्री बिशनलाल बाबूलाल की निर्माण इकाई से दो नमूने लिए गए। निरीक्षण में मिली कमियों के संबंध में संबंधित फर्मों को सुधार नोटिस जारी किए जाएंगे।

- खाद्य सुरक्षा टीम ने 3 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया, 6 नमूने लिए

अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह ने बताया कि दीपावली के दौरान खाद्य तेल, घी, मावा, मिठाइयों सहित अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। भ्रामक लेबलिंग, अनुचित प्रचार तथा मिलावटी या असुरक्षित खाद्य पदार्थों के कारोबार पर विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और संबंधित नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य नमूने लेने, उत्पाद सीज करने, अनुज्ञापत्र निलंबित या निरस्त करने तथा मामले की प्रकृति के अनुसार अभियोजन सहित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

विभाग ने खाद्य कारोबारियों से निर्धारित मानकों तथा पैकेजिंग और लेबलिंग संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की है।

भजनलाल सरकार ने युवाओं को रोजगार, कौशल और स्वरोजगार के नए अवसर दिए : मदन राठौड़

प्रदेश में युवाओं को 1.93 लाख सरकारी नियुक्तियां दीं, 1.18 लाख पदों पर भर्ती जारी : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार, कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के 34 माह के कार्यकाल में 1.93 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी गई हैं, जबकि 1.18 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है और 70031 पदों पर भर्ती की तैयारी है। सरकार ने 410 से अधिक परीक्षाएं बिना पेपर लीक आयोजित की हैं। वहीं, 5 लाख से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया है और आगामी समय में 10 लाख रोजगार अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

राठौड ने कहा कि बड़े उद्योगों के माध्यम से 20 से 25 लाख रोजगार सृजित करने की योजना है। एमएसएमई और राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) से जुड़े उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड रुपये के निवेश से न्यूनतम ब्याज दर पर 10 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार और स्टार्टअप से जोड़ने पर भी जोर दिया जा रहा है।राठौड़ ने कहा कि राजीविका के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को आजीविका संवर्धन के लिए 1,000 करोड़ रुपये और बैंक ऋण के रूप में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक उपलब्ध कराने की योजना है। राजस्थान महिला निधि के माध्यम से लखपति दीदियों को 1.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 1.50 लाख रुपये तक ऋण देने तथा 25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी श्रेणी में लाने पर जोर दिया जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं के लिए 25 हजार सोलर दीदियों का कैडर विकसित करने की पहल भी की जा रही है। राठौड़ ने बताया कि कृषि शिक्षा प्रोत्साहन के तहत 90401 छात्राओं को 155 करोड़ रुपये की सहायता का प्रावधान है। कृषि स्नातक छात्राओं को 15 हजार रुपये, स्नातकोत्तर छात्राओं को 25 हजार रुपये और कृषि पीएचडी करने वाली छात्राओं को 40 हजार रुपये प्रोत्साहन दिया जाता है। खेल अकादमियों में 895 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। आवासीय खेल विद्यार्थियों को 4,000 रुपये तथा छात्रावास एवं आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 3250 रुपये प्रतिमाह भोजन भत्ता दिया जा रहा है। इसके अलावा 4,776 जनजातीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को शिक्षा, कौशल, सरकारी भर्ती, निजी रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना तथा प्रदेश के आर्थिक विकास में उनकी भागीदारी बढ़ाना है।

सेवा भारती समिति का वार्षिकोत्सव आज

जयपुर। नर सेवा-नारायण सेवा के ध्येय वाक्य के साथ समाज के वंचित, अभावग्रस्त एवं उपेक्षित वर्ग में सेवा कार्य कर रही सेवा भारती समिति, जयपुर का वार्षिकोत्सव 26 अक्टूबर को दोपहर 2:30 बजे आयोजित होगा। समिति के महानगर अध्यक्ष महेश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन दीप स्मृति सभागार, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम में संत आशीर्वाद पूज्य संत मुन्नादास खोड़ा, नवल पीठाधीश्वर, झोटवाड़ा का प्राप्त होगा। मुख्य वक्ता के रूप में सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दत्तात्रेय होसबाले का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगलम् ग्रुप, जयपुर के निदेशक संजय गुप्ता होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति एवं समाजसेवी निखिल जैन तथा 3 एस ग्लोबल ग्रीन्स प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक विजेन्द्र सिंह तंवर उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि जयपुर महानगर में सेवा भारती द्वारा वर्तमान में 257 बस्तियों में कुल 379 सेवा कार्य संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 133 शिक्षा, 48 स्वास्थ्य, 52 स्वावलम्बन और 146 सामाजिक आयाम के कार्य शामिल हैं।

यूजीसी नियमों की वापसी और सवर्ण आयोग की मांग गूंजी

विद्याधर नगर स्टेडियम करणी सेना के नेतृत्व में सवर्ण आक्रोश सभा आयोजित

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को राष्ट्रीय करणी सेना के नेतृत्व में आयोजित सवर्ण आक्रोश सभा में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। सभा में यूजीसी नियमों की वापसी, आरक्षण व्यवस्था में सुधार, एससी-एसटी एक्ट में संशोधन, ईडब्ल्यूएस प्रक्रिया के सरलीकरण, सवर्ण आयोग के गठन और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने जैसी मांगें उठाई गईं। राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत की अगुवाई में आयोजित सभा में सुबह से ही युवाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों का पहुंचना शुरू हो गया।

विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को राष्ट्रीय करणी सेना के नेतृत्व में आयोजित सवर्ण आक्रोश सभा में अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

- सीकर रोड जाम करने जा रहे युवाओं को पुलिस ने रोका, समझाइश कर लौटाया

सभा के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक दीया कुमारी को मौके पर बुलाकर ज्ञापन सौंपने की मांग उठी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि दिया कुमारी स्वयं सभा स्थल पर आकर समाज के प्रतिनिधियों से ज्ञापन लें, इसके बाद ही सभा समाप्त कर स्टेडियम खाली किया जाएगा। इस मांग को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस अधिकारियों ने आयोजकों से बातचीत कर समझाइश के जरिए स्थिति संभालने का प्रयास किया।

इसी बीच युवाओं के एक समूह ने सीकर रोड जाम करने की चेतावनी दी और सड़क की ओर बढ़ने लगा। मौके पर तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोककर समझाइश की और वापस सभा स्थल की ओर भेजा। पुलिस की तत्परता से सड़क पर जाम की स्थिति बनने से बच गई।

सभा के दौरान अनशन कर रहीं लक्ष्मी तंवर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। प्रशासन की ओर से उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद उन्होंने अनशन समाप्त किया।

राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत ने कहा कि सभा किसी एक समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि सर्व समाज के अधिकारों और न्याय से जुड़े मुद्दों को उठाने का मंच है। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था में सुधार, यूजीसी नियमों की वापसी, एससी-एसटी एक्ट में संशोधन और ईडब्ल्यूएस प्रक्रिया को सरल बनाने की मांगों पर सरकार से गंभीरता से विचार करने की अपील की। शेखावत ने कहा कि सवर्ण आयोग का गठन कर समाज की समस्याओं के समाधान के लिए संस्थागत व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन मिला है, लेकिन समाज अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस निर्णय और कार्रवाई चाहता है। सभा का समापन प्रशासन और आयोजकों के बीच बातचीत के बीच हुआ।

NAME CHANGE

I have changed my name from Anita Sharma to Anita Saini for all purpose. R/o 1 Suiwal Bhawan shyam colony bas badanpura galta gate jaipur.(Raj.)

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in,
Phone No. 0141-2782772
क्रमांक:DHC-II/1381 दिनांक-13/10/26

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 19, सेक्टर-4, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 18.00 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री ताराचन्द पुत्र श्री नाथू राम बलाई को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1167 दिनांक 30.01.2014 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 13.02.2014 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3719 दिनांक 04.03.2014 को श्री ताराचन्द पुत्र श्री नाथू राम बलाई के नाम अंतेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। तत्पश्चात श्री ताराचन्द के द्वारा श्री संजय माहेश्वरी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद को मुख्त्यारनामा आम थारक नियुक्त कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष मे उक्त भूखण्ड के मुख्त्यारनामा आम प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 03.02.2014 को करवाया गया। मुख्त्यारनामा आम थारक द्वारा श्री ताराचन्द के पक्ष मे उक्त भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 25.03.2014 को करवाया गया। मुख्त्यारनामा आम थारक श्री संजय माहेश्वरी के द्वारा उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्रीमती कैलाश कंवर बाहेती पत्नी श्री जगदीश प्रसाद बाहेती को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 03.04.2014 को करवाया गया। श्रीमती कैलाश कंवर बाहेती के द्वारा उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्रीमती शिल्पा उपाध्याय पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 17.07.2026 को करवाया गया। श्रीमती शिल्पा उपाध्याय पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा ने लीज्डीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध मे किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 7 दिवस मे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि मे कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्रीमती शिल्पा उपाध्याय पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा के पक्ष मे उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

आम सूचना
सर्वसाधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि निम्न संपत्तिः- **633-ए स्कीम, विद्युत नगर-ए, बीड खातीपुरा, प्रिंस रोड, अजमेर रोड, जयपुर।** के संबंध में मेरे अभिभाष्यों द्वारा माननीय न्यायालय, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर के समक्ष धारा 148(A), सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत कैविएट प्रस्तुत की जा रही है। अतः यदि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का वाद, प्रार्थना पत्र अथवा अन्य न्यायिक कार्यवाही प्रस्तुत करता है या प्रस्तुत करने का इच्छुक है, तो कृपया यह ध्यान रखा जाए कि उक्त कैविएट प्रभावी है तथा बिना कैविएटदारों को सूचना एवं सुनवाई का अवसर प्रदान किए कोई आदेश पारित न किया जाए।
कैविएटदारः-
1. श्री राधाकृष्ण अग्रवाल पुत्र स्व. चौथमल अग्रवाल, आयु 75 वर्ष, निवासी- 633, तिलक आंगन, प्रिंस रोड, अजमेर रोड, विद्युत नगर-ए, जयपुर-302021
2. श्रीमती शुभम अग्रवाल पुत्री राधाकृष्ण अग्रवाल, आयु 41 वर्ष, निवासी- 633, तिलक आंगन, प्रिंस रोड, अजमेर रोड, विद्युत नगर-ए, जयपुर-302021

यह आम सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ प्रकाशित की जा रही है। **जावेद खान (अधिवक्ता) मो.- 9571654662**

आम सूचना
सर्वसाधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि निम्न संपत्तिः- **632-ए स्कीम, विद्युत नगर-ए, बीड खातीपुरा, प्रिंस रोड, अजमेर रोड, जयपुर।** के संबंध में मेरे अभिभाष्यों द्वारा माननीय न्यायालय, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर के समक्ष धारा 148(A), सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत कैविएट प्रस्तुत की जा रही है। अतः यदि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का वाद, प्रार्थना पत्र अथवा अन्य न्यायिक कार्यवाही प्रस्तुत करता है या प्रस्तुत करने का इच्छुक है, तो कृपया यह ध्यान रखा जाए कि उक्त कैविएट प्रभावी है तथा बिना कैविएटदारों को सूचना एवं सुनवाई का अवसर प्रदान किए कोई आदेश पारित न किया जाए।
कैविएटदारः-
1. शांती अग्रवाल पत्नि श्री राधाकृष्ण अग्रवाल, आयु 72 वर्ष, निवासी-633, तिरू आंगन, प्रिंस रोड, अजमेर रोड, विद्युत नगर-ए, जयपुर-302021
2. शुभम अग्रवाल पुत्री श्री राधाकृष्ण अग्रवाल, आयु- 41 वर्ष, निवासी-633, तिरू आंगन, प्रिंस रोड, अजमेर रोड, विद्युत नगर-ए, जयपुर-302021

यह आम सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ प्रकाशित की जा रही है। **जावेद खान (अधिवक्ता) मो.- 9571654662**

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।